आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 24.10.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में 17वें राष्ट्रीय रोज़गार मेले में कहा– रोज़गार मेले युवाओं के सपनों को साकार करने का माध्यम बन गए हैं।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चंपावत जिले के बनबसा में भूमि बंदरगाह परियोजना का निरीक्षण किया। कहा – यह पहल भारत और नेपाल के आपसी संबंधों को और मजबूत करेगी।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 185 करोड़ रुपए से बनने वाली शारदा कॉरिडोर परियोजना के पहले चरण का शुभारंभ किया।
- नर्सिंग पाठ्यक्रम संचालन के लिए गठित एम्पावर्ड समिति की सचिवालय में हुई बैठक में 39 कॉलेजों की एक हजार 790 नई नर्सिंग सीटों को संस्तुति दी गई।

--------------

**प्रधानमंत्री/रोजगार मेला**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि रोजगार मेले युवाओं के सपनों को पूरा करने का माध्यम बन चुके हैं। आज नई दिल्ली में आयोजित 17वें राष्ट्रीय रोजगार मेले के दौरान श्री मोदी ने वीडियो संदेश में यह बात कही। कार्यक्रम के दौरान रोजगार मेला पहल के अंतर्गत विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नव–नियुक्त कर्मियों को 51 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र सौंपे गये। श्री मोदी ने कहा कि इन रोज़गार मेलों के माध्यम से ही 11 लाख से ज्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। प्रधानमंत्री ने ''विकसित भारत योजना'' की भी शुरुआत की। इसका लक्ष्य साढ़े तीन करोड़ युवाओं को रोज़गार प्रदान करना है। श्री मोदी ने कहा कि युवाओं को सशक्त बनाना भाजपा–एनडीए सरकार की प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर बल दिया कि स्किल इंडिया मिशन जैसे अभियान युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की कूटनीतिक वार्ताओं और वैश्विक समझौता ज्ञापनों में युवाओं के प्रशिक्षण, कौशल विकास और रोज़गार सृजन के प्रावधान भी शामिल हैं।

## रोजगार मेला देहरादून

वहीं, देहरादून में भी रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उत्तराखण्ड डाक विभाग में नियुक्त 59 डाक सहायकों व डाक सेवकों सहित विभिन्न विभागों और संगठनों के 215 नव नियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र वितरित किये गए। इस अवसर पर उत्तराखण्ड डाक परिमण्डल की मुख्य पोस्टमास्टर जनरल शशि शालिनी ने नवनियुक्त कर्मियों का आह्वान किया कि वे तत्परता व ईमानदारी से अपने कर्तव्य को निभाएं और देश की प्रगति में अपना अमूल्य योगदान दें।

## मुख्यमंत्री निरीक्षण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज चंपावत जिले के बनबसा स्थित गुदमी क्षेत्र में बनने वाली आधुनिक भूमि बंदरगाह परियोजना का स्थलीय निरीक्षण किया। इस बंदरगाह का विकास, भारतीय भूमि बंदरगाह प्राधिकरण द्वारा लगभग 500 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना केवल अवसंरचना निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सीमांत क्षेत्रों के आर्थिक परिदृश्य को बदलने का माध्यम बनेगी। उन्होंने कहा कि यह पहल भारत और नेपाल के आपसी संबंधों को और मजबूत करेगी, जिससे पर्यटन, सांस्कृतिक आदान–प्रदान और पारस्परिक सहयोग को भी बढ़ावा मिलेगा।

## शारदा कॉरिडोर परियोजना

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टनकपुर में शारदा कॉरिडोर परियोजना के पहले चरण का शुभारम्भ किया। इसके अलावा उन्होंने 20 करोड़ रुपए से अधिक की 10 विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने पंतनगर की तर्ज पर चंपावत में कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना किए जाने और छीनीगोठ क्षेत्र में बाढ़ राहत व सुरक्षा कार्य किए जाने की घोषणा भी की। इस अवसर पर श्री धामी ने कहा कि शारदा कॉरिडोर परियोजना धार्मिक पर्यटन, स्थानीय

अर्थव्यवस्था और रोजगार सृजन में नई गति लाएगी। उन्होंने इसे सामाजिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय दृष्टि से एक अद्वितीय मॉडल बताया, जो पूरे क्षेत्र के लिए विकास का प्रतीक बनेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि 185 करोड़ 20 लाख रुपए की लागत से बनने वाले शारदा नदी के तट को पर्यावरण–संवेदनशील, स्वच्छ, सुरक्षित और आकर्षक स्वरूप देने के लिए शारदा घाट पुनर्विकास परियोजना के कार्य को पहले चरण के रूप में प्रारंभ किया जा रहा है। इस परियोजना के अंतर्गत सुरक्षित स्नान घाट, आरती स्थल, स्वच्छता व विश्राम की सुविधाएं, सुगम पहुंच मार्ग और सौंदर्यीकरण सहित विभिन्न कार्य किए जाएंगे।

## मुख्य सचिव

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में आज सचिवालय में नर्सिंग पाठ्यक्रम संचालन के लिए गठित एम्पावर्ड समिति की बैठक में विभिन्न मेडिकल और नर्सिंग कॉलेजों को नर्सिंग कोर्स संचालन व सीट वृद्धि की संस्तुति दी गई। इसके तहत 39 कॉलेजों की एक हजार 790 नई नर्सिंग सीटों को संस्तुति दी गई। मुख्य सचिव ने नर्सिंग कोर्स संचालन के लिए संस्थानों के आवेदनों को विभिन्न स्तरों में छंटनी करने के बजाय इसके लिए एकल खिड़की प्रणाली तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे संस्थानों को आवेदन करने से लेकर शासन से स्वीकृति की प्रक्रिया में सरलता आएगी। मुख्य सचिव ने संस्थानों द्वारा आवेदन किए जाने से लेकर विभिन्न चरणों की प्रक्रिया की एक मानक संचालन प्रक्रिया भी शीघ्र तैयार करने की बात भी कही। बैठक में स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने बताया कि राज्य नर्सिंग परिषद में वर्ष 2024 तक पंजीकृत नर्सों की कुल संख्या 21 हजार 541 है। वर्तमान में सरकारी और निजी नर्सिंग कॉलेजों में 9 हजार 806 लोगों का नर्सिंग प्रशिक्षण चल रहा है।

## जिलाधिकारी निरीक्षण

हरिद्वार के जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने रुड़की तहसील का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने तहसील के विभिन्न कार्यालयों और रिकॉर्ड रूम की गहन जांच की। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को तुरंत दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि तहसील में आने वाले नागरिकों की शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही

किया जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े। उन्होंने तहसील परिसर में सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने के भी निर्देश दिए।